आदेश

निम्नलिखित उ0नि0 ना0पु0 का परिक्षेत्र से प्राप्त नामांकन के आधार पर उनके नाम के सम्मुख अंकित नियुक्ति जनपद से 03 वर्ष के लिये जनहित में राजकीय रेलवे पुलिस उ0प्र0 लखनऊ में स्थानान्तरित किया जाता है। इन पुलिस कर्मियों की सामान्यतः नियुक्ति 03 वर्ष के लिये की जा रही है तथा आगमन की तिथि से 03 वर्ष की समाप्ति के उपरान्त राजकीय रेलवे पुलिस में विद्यमान रिक्तियों के दृष्टिगत आगमन के वरिष्ठताक्रम में पुलिस कर्मियों को अपर पुलिस महानिदेशक, रेलवे उ0प्र0 लखनऊ द्वारा उनके गहन जनपद में वापस किया जायेगा। यह आदेश पुलिस स्थापना बोर्ड के कार्यवृत्त संख्याः एएसपी–(ई–1)–जीआरपी– 569 /2018 दिनांक 29.09.2018 में लिये गये निर्णय के अनुसार जारी किया जा रहा हैः–

क0 सं0	पद	पीएनओ	कर्मी का नाम	गृह जनपद	कहां से	कहॉ को
1	2	3	4	5	6	7
1	उ0नि0 ना0पु0	920510450	दीपक कुमार चौधरी	वाराणसी	बांदा	राजकीय रेलवे पुलिस उ0प्र0 लखनऊ
2	उ0नि0 ना0पु0	122100031	राकेश पाल	झांसी	बांदा	राजकीय रेलवे पुलिस उ0प्र0 लखनऊ

DGP HQRS UP LKW

PEB-569/2018 DTD 30-09-2018

(अनिल कुमार) 30/9/18
पुलिस उपाधीक्षक, स्थापना
नि0 पुलिस उपमहानिरीक्षक, कार्मिक
मुख्यालय पुलिस महानिदेशक,
उ0प्र0 लखनऊ।

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

संख्याः डीजी–चार–स्था0–जीआरपी– 569 –2018 //1007 दिनांकः सितम्बर 30 2018

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय राजकीय रेलवे पुलिस, उ0प्र0 लखनऊ को उपरोक्त सन्दर्भ में इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि आप अपने स्तर से राजकीय रेलवे पुलिस के अनुभागों में रिक्तियों के सापेक्ष समायोजित करने का कष्ट करें, उपरोक्त पुलिस कर्मियों को राजकीय रेलवे पुलिस में 03 वर्ष की अवधि समाप्त होने पर राजकीय रेलवे पुलिस में विद्यमान रिक्तियों के दृष्टिगत आगमन के वरिष्ठताक्रम में उनके गहन जनपद को वापस करने का कष्ट करें एवं उक्त पुलिस कर्मियों के आगमन की सूचना से सर्वसम्बन्धित को अवगत करायें। यदि कोई नीतिगत बाधा हो तो इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

2– पुलिस उपमहानिरीक्षक, चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि वे कृपया अपने जोन से सम्बन्धित पुलिस कर्मियों को तत्काल कार्यमुक्त कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

3– पुलिस अधीक्षक जनपद बांदा को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि वे कृपया अपने जनपद से सम्बन्धित आरक्षी को तत्काल राजकीय रेलवे पुलिस हेतु कार्यमुक्त करने का कष्ट करें। यदि उपरोक्त पुलिस कर्मियों में से कोई अन्यत्र जनपद के लिये स्थानान्तरणाधीन है तो उसे जीआरपी हेतु ही कार्यमुक्त किया जायेगा तथा जीआरपी का कार्यकाल पूर्ण होने के उपरान्त गहन जनपद में वापस आने पर ही स्थानान्तरित जनपद हेतु कार्यमुक्त किया जाय। साथ ही उक्त सम्बन्ध में सम्बन्धित जनपद को वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया जाय। यदि कोई नीतिगत बाधा हो तो इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

संख्या तथा दिनांक वही

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को कृपया सादर सूचनार्थ प्रेषितः–

1– पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ।

2– अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ।